Regarding need to set up a Zoological Park on vacant forest land in Farrukhabad Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh-Laid

श्री मुकेश राजपूत **(फर्रूखाबाद) :** मैं देश के माननीय वन एवं पर्यावरण मंत्री जी से निवेदन करता हूँ कि मेरे संसदीय क्षेत्र फर्रूखाबाद में फर्रूखाबाद शहर से मात्र दो कि0 मी0 की दूरी पर वन विभाग की लगभग 160 हैक्टेयर (2000 बीघा) निष्प्रायोज्य भूमि पडी हुई है । इसी भूमि के बिल्कुल निकट से गंगा एक्सप्रेसवे को बुंदेलखण्ड एक्सप्रेसवे से जोड़ने वाला फर्रूखाबाद लिंक एक्सप्रेसवे भी गुजर रहा है । फर्रूखबाद शहर में ही गंगा तट पर राम नगरिया मेला भी लगता है । इसी जनपद में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कई धार्मिक स्थल भी हैं जैसे नीम करोरी धाम, श्रृंगीरामपुर अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध तीर्थ स्थल संकिसा, जैन एवं महाभारत कालीन द्रुपद देश की राजधानी कंपिल भी यहीं स्थित है । यदि फर्रूखाबाद शहर के निकट वन विभाग की निष्प्रायोज्य पड़ी भूमि, जिस पर कोई वृक्षारोपण भी नहीं है । ऐसी जमीन पर यदि राष्ट्रीय प्राणी उद्यान या चिडियाघर बन जाए तो 160 हैक्टैयर भूमि का कायाकल्प तो होगा ही साथ ही साथ इस वन विभाग की दो हजार बीघा जमीन को अतिक्रमण से बचाया जा सकता है ।